एलआईसी में हिस्सेदारी बेचने का विरोध

बीमा कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

कहा, सरकार के जनविरोधी फैसले के खिलाफ जारी रखेंगे संघर्ष

पानीपत, 4 फरवरी (एस)

पानीपत में मंगलवार को एलआईसी के अधिकारी, कर्मचारी एवं एजेंट सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए। -एस

पानीपत की एलआईसी ब्रांच नंबर दो ईदगाह रोड पानीपत के अधिकारियों, कर्मचारियों, एजेंट्स व यूनियनों ने मिलकर केन्द्र की भाजपा नेतृत्व वाली मोदी सरकार द्वारा एलआईसी में हिस्सेदारी को बेचने के विरोध में मंगलवार को कार्यालय गेट पर संयुक्त रूप से रोष प्रदर्शन किया और चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार के इस जन विरोधी फैसले के खिलाफ संघर्ष जारी रखेंगे।

रोष प्रदर्शन में नॉर्दन जोन इंश्योरेंस इम्पलाइज एसोसिएशन के प्रधान मनोज कुमार, सचिव राजेन्द्र संधु, ऑल इंडिया इश्योरेंस ऑफिसर्स फैडेरशन के प्रधान हुकमचंद सिंहमार, सचिव राजेश अरोड़ा, एलआईसी एजेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया से संबंधित सीटू, नेशनल फेडरेशन ऑफ इश्योरेंस फील्ड वर्कर्स ऑफ मंडल प्रधान सूरज प्रकाश सैनी, ब्रांच टू पानीपत के प्रधान रामभज लठवाल, सचिव राममेहर, कोषाध्यक्ष जसबीर, एलआईसी एससी, एसटी वेलेफेयर एसोसिएशन प्रधान भारत भूषण, सचिव शम्भुराम आदि मौजूद रहे।

रोष प्रदर्शन को सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त ने संबोधित करते हुए कहा कि देश की भाजपा नेतृत्व वाली मोदी सरकार के बजट सत्र में बजट पेश करते हुए एलआईसी बीमा कंपनी में सरकार ने अपने हिस्से को बेचने का जो निर्णय किया है, ये बिलकुल न्यायसंगत नहीं है। जनता के खून पसीने की कमाई को सरकार बड़े पूंजीपतियों व विदेशी कंपनियों को बेचने का षडयंत्र रच रही है।

कर्मचारी और कमीशन एजेंट सांकेतिक हड़ताल पर

कैथल (हप्र) : जीवन बीमा निगम में सरकार की हिस्सेदारी बेचने के फैसले का कर्मचारियों ने कड़ा विरोध किया है। कर्मचारी नेता हरीश कुमार तरसेम कुमार और दलबीर पुनिया ने कहा कि शनिवार को वित्त मंत्री सीतारमण ने बजट पेश करने के दौरान ऐलान था किया कि सरकार एलआईसी में अपनी हिस्सेदारी बेचने वाली है। इसके लिए सरकार आईपीओ लेकर आ रही है। बता दें कि भारतीय जीवन बीमा निगम देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी है। उन्होंने कहा कि एलआईसी का देश के जीवन बीमा बाजार पर करीब तीन-चौथाई कब्जा है। सरकार के इस प्रस्ताव के विरोध में एलआईसी के कर्मचारी व कमशिन एजेंट आज 4 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर है। यह हड़ताल एक घंटे की ही है और कर्मचारी धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

खबर है...

एसजीपीसी चलायेगी नशा मुक्ति अभियान

पिहोवा (निस) एसजीपीसी एग्जीक्यूटिव सदस्य भूपिंद्र सिंह असंध ने कहा कि युवाओं को नशे जैसी प्रवृति से बचाने के लिए एसजीपीसी जल्द ही अभियान शुरू करेगी। इसके तहत प्रशिक्षण शिविर लगाकर युवाओं को नशे जैसी कुरीति से दूर रखने के लिए जागरूक किया जाएगा। वह जत्थेदार सतपाल सिंह रामगढ़िया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नशे के जाल ने पंजाब की जवानी को बर्बाद कर दिया है और अब आसपास के प्रदेशों में यह कुरीति अपने पांव पसार रही है। जागरूकता अभियान के माध्यम से युवाओं को गुरबाणी का सार बताकर उन्हें धर्म के रास्ते से जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर उनके साथ मनप्रीत सिंह, सुखप्रीत सिंह, परमजीत सिंह, कमलजीत सिंह, राजेंद्र सिंह, दविंदर सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में 16 को प्रदर्शन

यमुनानगर (हप्र) यमुनानगर कोर्ट परिसर में जन संगठनों की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता एडवोकेट बलबीर सिंह ने की। बैठक में 16 फरवरी को नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद जानकारी देते हुए पूर्व प्रिंसिपल जरनैल सिंह सांगवान, एडवोकेट जब्बार पोसवाल व एडवोकेट हरभजन सिंह संधू ने बताया कि सरकार ने देश में अराजकता का माहौल बना दिया है। सरकार संविधान के अनुसार लोकतंत्र में शांतिप्रिय ढंग से प्रदर्शन करने वालों को गद्दार व दंगाई का आरोप लगाकर उन पर गोलियां व लाठियां मार रही है। समाजसेवी संजीव वालिया, सम्राट सिंह व विनोद कुमार त्यागी ने कहा कि 16 फरवरी को विभिन्न संगठनों के सदस्य नेहरू पार्क पर इकट्ठा होंगे।

राइस मिल की राख से भविष्य पर खतरा

सीएम विंडो पर शिकायत, नहीं हुआ समाधान

अधिकारी बोले, खामियां मिली तो होगी सख्त कार्रवाई

छछरौली, 4 फरवरी (निस)

कस्बे के लल्याणी रोड पर स्थित एक राइस मिल की राख से भविष्य खाक हो रहा है। यहां पर राइस मिल की राख के साथ-साथ गंदे पानी से लोगों के साथ-साथ बच्चों का जीना मुहाल हो रहा है। सीएम विंडो पर भी इसकी शिकायत की गई, लेकिन अधिकारी आए और मौका मुआयना करने के बाद चलते बने। राइस मिल संचालक के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने से लोगों में गहरा रोष व्याप्त है। अब लोगों ने राइस मिल की शिकायत को लेकर फिर से सीएम विंडो का दरवाजा खटखटाया है।

सीएम विंडो पर सौंपी गई शिकायत में शिकायतकर्ता नवीन कुमार के अलावा डेरा जोगीमाजरा निवासी सोमनाथ, धर्मेंद्र नाथ, पालीनाथ, सुखविंद्र, राजूनाथ, महेशनाथ, सुनीता देवी, कुसुम, संगीता, पूजा, रूमालो देवी, लक्ष्मी देवी, पूनम देवी, अनीता देवी व सुदेश रानी ने बताया कि डेरा जोगी माजरा के पास जय भारत के नाम से राइस मिल है। उसकी राख के कारण जीना मुहाल हो रहा है। खाने-पीने की चीजों में राख पाई जाती है। घरों की छत पर भी राख के ढेर नजर आते हैं और राइस मिल के गंदे पानी से नीचे का पानी भी जहरीला हो गया है। गंदा पानी गांव के चारों तरफ बहता रहता है, जिससे मक्खी-मच्छरों का भी आलम है।

राइस मिल की करेंगे जांच : एक्सईएन

इस बारे में जब संबंधित विभाग के एक्सईएन एसके अरोड़ा से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि वह जल्दी ही जय भारत राइस मिल में एसडीओ को भेजकर मौके की जांच करवाएंगे। यदि जय भारत राइस मिल में खामियां मिलीं तो सख्त से सख्त कार्रवाई होगी।

सतपाल बने गांव ढंगाली के पंच

शाहबाद मारकंडा, 4 फरवरी (निस)

पंचायती राज के उपचुनावों में शाहाबाद खंड में केवल गांव ढंगाली में पंच पद के लिए चुनाव होना था। वार्ड नंबर-3 के पंच का स्वर्गवास होने के बाद यह पद रिक्त हो गया था। अब इस पद के चुनावों में सर्वसम्मति से सतपाल को पंच चुन लिया गया है।

10 साल के बच्चे का अपहरण, आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र, 4 फरवरी (हप्र)

गांव दयालपुर के पास स्थित डेरा बाजीगर के रहने वाले एक 10 साल के मासूम को अगवा करके नहर में धक्का देकर हत्या करने का संदिग्ध मामला चर्चा में है। गोताखोरों को बुलाकर नहर को भी खंगाला जा रहा है। इस बारे में पत्रकारों द्वारा पूछने पर पुलिस उपाधीक्षक अजय राणा ने बताया कि लापता हुए बच्चे के अगवा करने की जांच की जा रही है। दूसरी ओर पुलिस ने बच्चे को अगवा करने के आरोप में अक्षय नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अक्षय से पूछताछ करने में लगी हुई है। उल्लेखनीय है कि गत दिवस दयालपुर के नजदीक डेरा बाजीगर के रहने वाले एक 10 साल के मासूम बच्चे को एक व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले गया था। उसके बाद से बच्चे का कोई अता-पता नहीं है। बच्चे का पिता सोमनाथ मेहनत मजदूरी करके अपना परिवार चला रहा है। सोमनाथ के दो पुत्र हैं। बड़ा पुत्र गुरमीत उर्फ अमृत 10 साल का है और साथ ही के गांव मिर्जापुर में चौथी कक्षा में पढ़ता है। 3 फरवरी को गुरमीत गांव के बच्चों के साथ स्कूल गया था लेकिन वह वापस घर नहीं आया।

पानीपत का ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया सुविधाओं को मोहताज

ठेकेदार ने शुरू नहीं किया सड़कें बनाने का कार्य

सड़कों, सीवर व स्ट्रीट लाइटों के लिए डेढ़ साल पहले हुआ था 32 करोड़ का टेंडर

पानीपत, 4 फरवरी (एस)

पानीपत के ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया में टूटी सड़कों के गड्ढों में भरा हुआ गंदा पानी। -एस

पानीपत को एक औद्योगिक क्षेत्र के रूप में देश व विदेशों में पहचान दिलवाने वाला शहर का पुरानी कोर्ट के पास स्थित सबसे पुराना ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया आज स्वयं सुविधाओं का मोहताज बनकर रह गया है। यहां की टूटी सड़कों व बदहाल सीवर व्यवस्था को यदि कोई विदेशों से आना वाला बॉयर देख ले तो वह कभी पानीपत में वापस आने का नाम ही नहीं लेगा।

पानीपत के ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया में करीब 160 फैक्टरियां है और इस क्षेत्र में कुछ फैक्टरियां तो इतनी बड़ी हैं कि उनको सरकार को टैक्स के रूप में दिए जाने वाले रिवेन्यू की खान माना जाता है। पानीपत के ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया की स्थापना संयुक्त पंजाब में 1956-57 में की गई थी। हुडा के इंडस्ट्रियल सेक्टर-25 पार्ट वन व टू और सेक्टर-29 पार्ट वन व टू में तो फैक्टरियां 2002 व 2003 में स्थापित हुई हैं। ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया को ही पानीपत का टेक्सटाइल हब कहा जाता है। ओल्ड इंडस्ट्रीयल एरिया मैन्यूफेक्चरिंग एसोसिएशन के संयोजक शिव मल्होत्रा, पूर्व प्रधान विनोद ग्रोवर, उद्योगपति विनोद धमीजा, सुनील तुली, ईश्वर अग्रवाल, वीरभान सिंगला, सतीश गोयल, राजीव अग्रवाल आदि ने बताया कि पिछली खट्टर सरकार में तत्कालीन इंडस्ट्री मंत्री विपुल गोयल ने एचएसआईडीसी से करीब डेढ साल पहले ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया की सड़कों, सीवर व नालों और स्ट्रीट लाइटों के 32 करोड़ रुपये के टेंडर लगवाए थे। लेकिन सड़क बनाने वाले ठेकेदार ने यहां की सड़कों को खोद कर छोड़ दिया और वे आज तक बनाई ही नहीं गई हैं। जबकि ठेकेदार को एरिया की सभी मेन सड़कों को आरसीसी ब्लाकों और अंदर वाली सड़कों को इंटरलाकिंग की 20 मार्च, 2020 तक बना करके कंपलीट करना है।

क्या है उद्योगपतियों की मांग

उद्योगपति विनोद धमीजा व अन्य ने बताया कि अब ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया की सड़कों, सीवर व स्ट्रीट लाइट के काम की देखरेख एचएसआईडीसी के पास है। वे इस क्षेत्र का नगर निगम को हाउस टैक्स देते हैं, इसलिए उद्योगपतियों की मांग है कि सड़क, सीवर व स्ट्रीट लाइट के काम नगर निगम अपने अधीन ले ले ताकि उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े। जब डेढ़ साल से ठेकेदार ने कोई भी सड़क नहीं बनाई है तो उसे ब्लैक लिस्ट करके किसी दूसरे ठेकेदार से जल्द से जल्द यहां की सभी सड़कें बनवाई जाएं। सारे क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें लगवाई जाएं। तिकोना पार्क के पास से झोपड़ियों को हटवाया जाए।

विद्यार्थियों को जागरूक करने को आरम्भ हुई राष्ट्रीय कार्यशाला

'भारतीय बौद्धिक संपदा अधिकार कानून कसौटी पर खरे'

हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, नई दिल्ली व अन्य राज्यों से भाग ले रहे शिक्षक, शोध विद्यार्थी

यमुनानगर, 4 फरवरी (हप्र)

यमुनानगर के डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर तैयार पुस्तक का विमोचन करते मुख्यातिथि व अन्य। -हप्र

डीएवी गर्ल्स कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा बौद्धिक संपदा अधिकार के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करना विषय पर उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी के कुलपति डॉ. राजकुमार मित्तल मुख्य अतिथि रहे। नॉलेजिशिया कंसल्टेंट नई दिल्ली की संचालिका एवं एडवोकेट अपर्णा जैन विशिष्ट अतिथि रहीं। वर्कशाप में हरियाणा, पंजाब, हिमाचलप्रदेश, नई दिल्ली व अन्य राज्यों से आए 50 से ज्यादा शिक्षकों व शोध विद्यार्थियों ने शिरकत की। कॉलेज की 500 छात्राओं ने भी कार्यक्रम मे भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर तैयार पुस्तक का विमोचन किया गया, जिसमें विभिन्न शिक्षकों व शोधार्थियों के शोधपत्रों का संकलन किया गया।

डॉ. राजकुमार मित्तल ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के विभिन्न आयामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमॉर्क, ट्रेड डिजाइन तथा भौगोलिक संकेतक इत्यादि के विभिन्न कानूनों के बारे में बताया, जिसमें कॉपीराइट एक्ट 1957, पेटेंट एक्ट 1970, ट्रेडमॉर्क एक्ट 2017 मुख्य रहे। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भारतीय बौद्धिक संपदा अधिकार कानून विश्व स्तरीय मूल्यांकन पर खरे उतरते हैं।

एडवोकेट अपर्णा जैन ने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकारों का पंजीकरण बहुत आवश्यक है। इसके माध्यम से ही हम अपनी बौद्धिक संपदा को सुरक्षित करके उससे आर्थिक लाभ कमा सकते हैं। अर्थशास्त्र विभाग अध्यक्षा डॉ. मीनू जैन ने कई एनिमेटिड विडियो के जरिए बौद्धिक संपदा अधिकारों की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान 50 छात्राओं ने पोस्टर व कोलॉज मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।

परिणाम घोषित

कुरुक्षेत्र, 4 फरवरी (हप्र)

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा ने 10 परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। ये जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसंबर, 2019 में आयोजित बीलिब साइंस सीबीसीएस प्रथम सेमेस्टर, एमएससी फोरेंसिक साइंस सीबीसीएस प्रथम व तृतीय सेमेस्टर, एमपीए आर्ट तीसरे, चौथे व पांचवें सेमेस्टर, एमए सोशियोलॉजी सीबीसीएस प्रथम व तृतीय सेमेस्टर, बीएफएडी तृतीय सेमेस्टर, बीएफए सातवें सेमेस्टर, बीएससी स्पोर्ट्स तीसरे तथा पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया गया है।

निविदा सूचना

[illegible]

आइटम्स	प्रमात्रा लगभग	सुरक्षित मूल्य प्रति किलो रु.
मिलिंग स्केल	150 टन	22.60
[illegible]	300 टन	23.50
विद्युत केबल	5-6 टन	40.00
इस्तेमालशुदा ईंटें	40000 पीस	रु. 2 प्रति पीस

[illegible]
ऑफर हेतु अंतिम तिथि : 17-02-2020
निविदा खोलने हेतु तिथि - 18-02-2020 (अप. 3.00 बजे)
[illegible]

एम्बेसी हाउसिंग प्रोजेक्ट्स प्रा. लिमिटेड
[illegible]

HIMACHAL PRADESH
PUBLIC WORKS DEPARTMENT
INVITATION FOR BID (IFB)
Tel. 01972-288041
Email- ee-bar-hp@nic.in

The Executive Engineer HPPWD Division Barsar on behalf of Governor of H.P. invites/reinvites the item rate bids, in electronic tendering system from the eligible class of contractors registered with HPPWD for the works as detailed in the table.

Sr. No.	Name of Work	Estimated Cost	Starting Date for Down-loading Bid	Earnest Money	Dead line for Sub-mission of Bid
1	Annual Maintenance plan on Jalari Galore Salouni Deotsidh Road (Sh:- P/L bituminous concrete 30mm thick in km. 12/0 to 15/0)(DRRP NO. HP-03-03MDR063) (With paver finisher) Time:- One Month Cost of form:- 1500/- Eligible class of contractor:- Class D.	32,92,117=00	13.02.2020 From 10:30 A.M.	56,900=00	26.02.2020 up to 10:30 A.M.
2	Annual Maintenance plan on Jalari Galore Salouni Deotsidh Road (Sh:- P/L bituminous concrete 30mm thick in km. 15/0 to 18/0) (DRRP NO. HP-03-03MDR063) (With paver finisher) Time:- One Month Cost of form:- 1500/- Eligible class of contractor:- Class D.	32,92,117=00	13.02.2020 From 10:30 A.M.	56,900=00	26.02.2020 up to 10:30 A.M.
3	Annual Maintenance plan on Masiana Bhutlar Road (Sh:- P/L bituminous concrete 30mm thick in km. 2/0 to 3/0) (DRRP NO. HP-03-03-05MDR0115) (With paver finisher) Time:- One Month Cost of form:- 1500/- Eligible class of contractor:- Class D.	8,13,253=00	13.02.2020 From 10:30 A.M.	16,300=00	26.02.2020 up to 10:30 A.M.
4	C/O link Road Ghangot to Plata Chalars Road km. 0/0 to 3/0 (Sh:- P/L correction layer spreading and compacting stone aggregate G-III in km. 0/0 to 2/0 & P/L tarring in km. 1/0 to 2/0).	7,45,011=00	13.02.2020 From 10:30 A.M.	14,900=00	26.02.2020 up to 10:30 A.M.

The bidders are advised to note other details of tenders from the department website www.hptenders.gov.in

On behalf of Governor of Himachal Pradesh
Executive Engineer, HPPWD, Division Barsar, District Hamirpur H.P. PIN – 174305.
DPR/HP/4476

पावरग्रिड
POWERGRID

सूचना

[illegible] के लिए सीईआरसी (संयोजकता [illegible]) विनियम 1999 तथा सीईआरसी (टैरिफ की शर्तें एवं प्रतिबंध) विनियम 2019 के विनियम 86 अधीन स्वीकृति i) 2001-04 टैरिफ ब्लाक, 2004-09 टैरिफ ब्लाक 2009-14 टैरिफ ब्लाक के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ का संशोधन ii) 2014-19 टैरिफ ब्लाक के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ की ट्रूइंग अप तथा iii) निम्नांकित के लिए 2019-24 टैरिफ ब्लाक हेतु ट्रांसमिशन टैरिफ का निर्धारण [illegible] ± 800kv, 3000MW [illegible] (DOCO : 24.03.2017) [illegible] 400/220 केवी, 500 एमवीए [illegible] 400/220kv [illegible] (DOCO : 25.03.2017) [illegible] 222 केवी [illegible] 400/220 केवी [illegible] (DOCO : 25.03.2017) [illegible] ± 800 केवी, 3000 [illegible] (डोको : 16.09.2017), परिसम्पत्ति-V : कुरुक्षेत्र [illegible] 400 केवी [illegible] 400/220 केवी नकोदर (PSTCL) [illegible] 50MVAR [illegible] 50MVAR [illegible] 400केवी [illegible] 400केवी 125 एमवीएआर [illegible] (डोको : 03.12.2015) [illegible]

2. [illegible] :

I) [illegible] प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लि. II) महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कं. लि. III) गुजरात ऊर्जा विकास निगम लि. IV) इलेक्ट्रिसिटी डिपार्टमेंट, गोवा सरकार V) इलेक्ट्रिसिटी डिपार्टमेंट एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ दमन एण्ड दीव VI) इलेक्ट्रिसिटी डिपार्टमेंट एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ दादर नागर हवेली VII) छत्तीसगढ़ स्टेट [illegible] बोर्ड VIII) मध्य प्रदेश औद्योगिक केंद्र विकास निगम (इंदौर) लि. IX) राजस्थान राज्य विद्युत [illegible] निगम लिमिटेड X) अजमेर विद्युत वितरण निगम लि. XI) जयपुर विद्युत वितरण निगम लि. XII) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लि. XIII) पंजाब राज्य विद्युत बोर्ड XIV) हरियाणा पावर परचेज सेंटर XV) [illegible] प्रदेश पावर कारपोरेशन लि. XVI) दिल्ली ट्रांस्को लि. XVII) बीएसईएस यमुना पावर लि. XVIII) बीएसईएस राजधानी पावर लि. XIX) नॉर्थ दिल्ली पावर लि. XX) चंडीगढ़ प्रशासन XXI) [illegible] पावर कारपोरेशन लि. XXII) उत्तर मध्य रेलवे XXIII) नई दिल्ली नगर निगम XXIV) बिजली विकास विभाग, जम्मू एवं कश्मीर सरकार XXV) हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड।

(3) टैरिफ विवरण : (ए) 2014-19 वार्षिक रु. लाखों में

प्रोजेक्ट		2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19
परिसंपत्ति-I	[illegible] truing up पर आधारित	-	-	1949.44	90569.96	93933.49
परिसंपत्ति-IV	[illegible] truing up पर आधारित	-	-	-	7020.58	14370.35
परिसंपत्ति-I तथा परिसंपत्ति IV हेतु संयुक्त टैरिफ*	[illegible] truing up पर आधारित	-	-	1949.44	97590.54	108303.84
परिसंपत्ति-II	[illegible] truing up पर आधारित	-	-	26.59	1460.70	1643.76
परिसंपत्ति-III	[illegible] truing up पर आधारित	-	-	23.18	1254.47	1322.97
परिसंपत्ति-V	[illegible] truing up पर आधारित	-	5109.30	16382.31	16880.17	17185.27

(बी) 2019-24 वार्षिक रु. लाखों में

प्रोजेक्ट	सीओडी	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
संयुक्त टैरिफ Form परिसंपत्ति-I तथा परिसंपत्ति-IV (पोल-I तथा पोल-II)	17.04.2017	107919.60	107356.73	105182.81	102949.91	100701.71
परिसंपत्ति-II	25.03.2017	1905.01	1909.90	1903.00	1896.96	1888.94
परिसंपत्ति-III	25.03.2017	1150.04	1190.36	1178.29	1166.45	1153.80
परिसंपत्ति-V	03.12.2015	16103.61	15771.10	15443.10	15029.77	14596.18

4. टैरिफ सुनिश्चित करने हेतु आवेदन की एक प्रति को आवेदक की वेबसाइट www.powergridindia.com पर लगाया गया है।
5. आवेदन में टैरिफ सुनिश्चित करने के प्रस्ताव पर सलाह तथा आपत्तियां, अगर हो, को किसी भी व्यक्ति द्वारा हितकारी सहित, सचिव, सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी रेग्युलेटरी कमीशन, तीसरा व चौथा तल, चन्द्रलोक बिल्डिंग, जनपथ, नई दिल्ली-110001 (या अन्य पता जहां कमीशन का कार्यालय स्थित है) के समक्ष, आवेदक के लिए एक प्रति के साथ उसके निगमित कार्यालय के पते पर इस सूचना के प्रकाशित होने के 30 दिनों के भीतर दर्ज किया जा सकता है।

स्थान : गुरुग्राम
दिनांक : 02.01.2020
हस्ता./-
वरि. महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)।

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय : बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016
निगमित कार्या. : 'सौदामिनी', प्लॉट सं.-2, सेक्टर-29, गुड़गांव, हरियाणा-122001
वेबसाइट : www.powergridindia.com सीआईएन : L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू
PG/CC/Notice-191/Advt-212/2019-20/Garuda

MUNICIPAL CORPORATION SHIMLA
"INVITATION FOR BIDS (IFB)"

Sealed item rate bids for the works are hereby invited by the undersigned on behalf of Commissioner M.C. Shimla from the eligible and approved contractors for the different type of 30 Nos civil works. The bidders are advised to note other details of tenders from the M.C. Website i.e. **www.shimlamc.org.** The department has right to extend or cancel the bids without declaring any reasons thereof. The date of online publication is 17.02.2020 at 5.00 p.m.

Executive Engineer,
(R&B) M.C. Shimla.
DPR/HP/716

निविदा सूचना
स्टेशन हैडक्वार्टर सैल बठिंडा मिलिटेरी स्टेशन
(ई-निविदा)

1. 01 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2021 तक की अवधि या अनुबंध शुरुआत की वास्तविक तिथि से मिलिटेरी स्टेशन, बठिंडा में निम्नलिखित कंजरवेंसी सेवाओं की आउटसोर्सिंग के लिए आनलाइन बोलियां आमंत्रित हैं।

क्र.	कार्य का नाम
(ए)	बठिंडा मिलिटेरी स्टेशन में 330X कंजरवेंसी सफाईवाला (अकुशल)
(बी)	27X ट्रैक्टर (ट्राली सहित), 27X ड्राइवर और 54X मजदूरों सहित बठिंडा मिलिटेरी स्टेशन में गारबेज डिस्पोजल

2. विस्तृत निर्देश RFP में दिए गए हैं, जिसे 29 जनवरी, 2020 से DPP Portal www.defeprocure.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। कंजरवेंसी सर्विस की आउटसोर्सिंग की आनलाइन निविदा संदर्भ संख्या 938/OS/01/2020-21 दिनांक 28 जनवरी 2020 है तथा निविदा ID No. 2020 ARMY 319133 है तथा गार्बेज डिस्पोजल हेतु ट्रेक्टर एंड ट्राली की आउटसोर्सिंग निविदा संदर्भ संख्या 938/GDC/02/2020-21 दिनांक 28 जनवरी 2020 निविदा ID No. 2020-ARMY-319179-1. बोली जमा करवाने की अंतिम तिथि 19 फरवरी 2020 को 1800 बजे है।
3. निविदा/बोली खोलना : पार्ट1/तकनीकी बोली 20 फरवरी 2020 को 1100 बजे स्टेशन हैडक्वार्टर सैल (Cell) बठिंडा मिलिटेरी स्टेशन में खोली जाएगी तथा पार्ट 2. कीमत बोली (कमर्शियल बोली) केवल उन सेवा प्रदाताओं की खोली जाएगी, जो तकनीकी बोली में योग्य होंगे।

हस्ता./-
कर्नल
स्टेशन स्टाफ आफिसर
स्टेशन हैडक्वार्टर सैल, बठिंडा मिलिटेरी स्टेशन।
DI-157536